संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2019
(सामान्य अध्ययन-I)
मॉडल पेपर-1

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 250

1. आधुनिक वास्तुकला की इंडो-गोथिक शैली पर प्रकाश डालिये। यह इंडो-सारसेनिक शैली से अलग कैसे है? (150 शब्द) 10

2. भारत के इतिहास की पुनर्रचना में अभिलेखों एवं साहित्यिक स्रोतों के महत्त्व का आकलन कीजिये। (150 शब्द) 10

3. साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं? अफ्रीका के संदर्भ में इसका सबसे वीभत्स रूप दिखाई देता है। चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

4. भ्रंश घाटी (Rift Valley) से आप क्या समझते हैं? पूर्वी अफ्रीका में इनके अत्यधिक विकसित होने के सुसंगत कारकों की व्याख्या कीजिये। (150 शब्द) 10

5. जल चक्र से आप क्या समझते हैं? जलीय चक्र के विभिन्न तत्त्व किस प्रकार संबंधित हैं? (150 शब्द) 10

6. पृथ्वी की आंतरिक संरचना को भूकंपीय तरंगों की सहायता से स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

7. किस प्रकार महासागरीय धाराएँ मत्स्यन क्षेत्रों के निर्माण को प्रभावित करती हैं? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये। (150 शब्द) 10

8. आज भी भारतीय समाज में संबंध गुण, मानवीय कारक एवं शिक्षा पर आधारित न होकर जाति, धर्म एवं क्षेत्रवाद से प्रेरित होते हैं। आलोचनात्मक परीक्षण करें। (150 शब्द) 10

9. महिलाओं की उद्यमशीलता परिवारों और समुदायों के आर्थिक कल्याण, गरीबी उन्मूलन एवं महिला सशक्तीकरण में योगदान दे सकती है। तर्कसहित व्याख्या कीजिये। (150 शब्द) 10

10. भारत में लोगों का जीवन धर्म के आधार पर संचालित होता है, जिसमें विभिन्न धर्मों के कानून मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसे में क्या आप मानते हैं कि भारत में समान नागरिक संहिता को लागू कर दिया जाना चाहिये? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिये। (150 शब्द) 10

11. श्री शंकराचार्य के आगमन से "भक्ति आंदोलन को नई दिशा मिली।" चर्चा करें। (250 शब्द) 15

12. कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में विशाखा दिशा-निर्देशों को 'मील का पत्थर' माना जाता है। इस कथन के आलोक में विशाखा दिशा-निर्देशों एवं उनके महत्त्व को स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15

13. कैसे उपनिवेशवाद ने भारतीय समाज को बदलने के साथ-साथ उसे विश्व पूंजीवादी व्यवस्था से जोड़ दिया? स्पष्ट करें। (250 शब्द) 15

14. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जल संसाधन के संकट को समझते हुए बताएँ कि जल शक्ति मिशन किस प्रकार कारगर सिद्ध होगा? मूल्यांकन कीजिये। (250 शब्द) 15

15. समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में फाइटोप्लैंकटन ब्लूम की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए इसके कारणों एवं परिणामों को स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15

16. उष्णकटिबंधीय चक्रवात की उत्पत्ति, निर्माण एवं विघटन का वर्णन कीजिये। हाल ही में आए फानी चक्रवात को स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15

17. ध्रुवीय भँवर क्या है? इसकी उत्पत्ति के लिये आवश्यक दशाएँ एवं प्रभाव को स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15

18. "सांप्रदायिकता 21वीं सदी की प्रमुख सामाजिक बुराइयों में से एक है। भारत में सांप्रदायिक हिंसा को उत्पन्न और प्रोत्साहित करने में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं प्रशासनिक कारक सामूहिक रूप से ज़िम्मेदार हैं।" इस कथन की चर्चा कीजिये और इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिये उपाय सुझाइये। (250 शब्द) 15

19. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? इसकी प्रक्रिया को समझाएँ तथा यह बताएँ कि क्या वैश्वीकरण पश्चिमीकरण का पर्याय है? (250 शब्द) 15

20. भारत में विभिन्न प्रकार के अल्पसंख्यक वर्गों की चर्चा करते हुए इनके लिये सुनिश्चित विशेषाधिकार धर्मनिरपेक्षता से किस प्रकार सुसंगत है? चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15